संवाद

नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली। शनिवार 3 सितंबर 2016

डॉ. एहतेशाम जामिया हमदर्द के नए वीसी

■ प्रस, नई दिल्ली : डॉ. सैयद एहतेशाम हसनैन ने जामिया हमदर्द (हमदर्द यूनिवर्सिटी) की वाइस चांसलर की पोस्ट संभाल ली है। साइंटिस्ट डॉ. एहतेशाम हैदराबाद यूनिवर्सिटी के फॉर्मर वाइस चांसलर रह चुके हैं। जामिया हमदर्द के रजिस्ट्रार डॉ. फिरदौस ए वानी ने बताया कि वह यूजीसी के निर्देश के अनुसार 5 साल या रिटायरमेंट की अवधि, जो भी पहले हो तक वीसी का पद संभालेंगे। डॉ. एहतेशाम को पद्मश्री पुरस्कार भी मिल चुका है। वह डीएनए फिंगरप्रिंटिंग एंड डायगनॉस्टिक्स, हैदराबाद के डायरेक्टर भी रह चुके हैं। उन्होंने डीयू में लंबे समय तक टीचिंग की है।